उल्लू ने चिड़िया को बताया कि उसे अपनी कमजोरी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अपनी ताकत पर ध्यान देना चाहिए। उसने चिड़िया को हर रोज थोड़ा–थोड़ा करके उड़ान भरने के लिए कहा।

चिड़िया ने उल्लू की सलाह मानी और हर रोज थोड़ा–थोड़ा करके उड़ान भरने लगी। दिन–ब–दिन वह थोड़ा–थोड़ा करके ऊंची उड़ान भरने लगी।

एक दिन, उसने देखा कि वह आसमान में बहुत ऊंची उड़ रही है। वह बहुत खुश हुई। उसने महसूस किया कि वह अब किसी से कम नहीं है।

कहानी का संदेश :–

’ अपनी ताकत पर विश्वास करोरू हर व्यक्ति में कुछ खास होता है। हमें अपनी कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अपनी ताकत पर विश्वास करना चाहिए।

’ कड़ी मेहनत का फल मीठा होता हैरू सफलता रातों–रात नहीं मिलती। हमें मेहनत करते रहना चाहिए।

’ दूसरों की बातों पर ध्यान न दें। हमें दूसरों की बातों को दिल पर नहीं लेना चाहिए। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

यह कहानी हमें सिखाती है कि हम सभी कुछ भी कर सकते हैं, अगर हम अपनी पूरी कोशिश करें।

तुलेश्वरी नेताम
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
---सत्र–2024–26

कहानी

एक बार की बात हैं। किसी जंगल में एक कौवा रहता था। वो अपने जीवन में बहुत ही खुश था। क्योंकि उसकी ज्यादा इच्छाएं नहीं थीं। वह कौवा अपनी जिंदगी से पूरी तरह संतुष्ट था । लेकिन एक बार उसने जंगल में किसी हँस को देख लिया। और उसे देखते ही सोचने लगा। कि ये प्राणी कितना सुंदर हैं। ऐसा पक्षी तो मैंने पहले कभी नहीं देखा।

कौवे ने हँस को देखा

इतना साफ और सफेद । यह तो इस जंगल में ओरों से बहुत सफेद और सुंदर हैं। इसलिए यह तो अपने जीवन में बहुत ही खुश रहता होगा। और मैं कितना काला हूँ। तभी कौवा हँस के पास गया और पूछा, भाई तुम इतने सुंदर हों, इसलिए तुम अपने जीवन में बहुत खुश होंगे?

कौवे की बात सुनकर हँस ने जवाब दिया। हाँ मैं पहलें बहुत खुश रहता था। जब तक मैंने उस प्यारे तोते को नहीं देखा था। उसे देखने के बाद से लगता हैं कि तोता धरती का सबसे सुंदर पक्षी हैं।ष तुम्हारे और मेरे शरीर का तो एक ही रंग हैं। लेकिन तोते के शरीर पर दो दो रंग हैं। उसके गले में लाल रंग का घेरा और वो सुर्ख रंग का था। सच में वह तोता सभी पक्षियों से बेहद खूबसूरत था। और अब उसे देखकर मैं अपने आप से बहुत दुखी रहता हूँ।

कौवा तोते से मिला

अब कौवे ने सोचा, षकि हँस तो तोते को सबसे सबसे सुंदर बता रहा हैं। तो फिर उससे मिलकर उसे देखना होगा।

कौवा तोते के पास गया और पूछा, भाई तुम दो दो रंग पाकर जीवन में बड़े खुश होंगे? इस पर तोते ने कहा, हाँ मैं तब तक खुश था जब तक मैंने मोर को नहीं देखा था। मेरे पास तो दो ही रंग हैं लेकिन मोर के शरीर पर तो कई तरह के रंग हैं।

अब कौवे ने सोचा कि सबसे ज्यादा खुश कौन हैं? यह तो मैं पता करके ही रहूँगा। इसलिए अब मैं मोर से मिलूँगा।

कौवा मोर से मिला

कौवे ने मोर को जंगल में ढूंढा लेकिन उसे पूरे जंगल में एक भी मोर नहीं मिला। और मोर को ढूँढ़तें ढूँढ़तें वह कौवा चिड़ियाघर पहुँच गया। तो देखा कि मोर को देखने बहुत से लोग आए हुए हैं। और उसके आस पास अच्छी खासी भीड़ हैं। तभी सब लोगो के जाने के बाद, कौवा मोर के पास गया।

तो कौवे ने मोर से पूछा, भाई तुम दुनियाँ के सबसे सुंदर पक्षी हों। और तुम्हारे पंख भी रंग बिरंगे हैं। तुम्हारे साथ तो लोग फोटो खिंचवा रहें हैं। तुम्हें तो बहुत अच्छा लगता होगा। और तुम बहुत खुशनसीब हो कि तुम दुनियाँ के सबसे सुंदर पक्षी हों। तुम तो अपने जीवन मे हमेशा खुश रहते होंगे? तुम्हारा जीवन बहुत अच्छा हैं।

इस पर मोर ने बहुत ही दुखी होते हुए कहा, कि कौवे भाई अगर सुंदर हूँ तो भी क्या फरक पड़ता हैं। मुझे लोग इस चिड़ियाघर मे कैद करके रखते हैं। लेकिन तुम्हें तो कोई भी चिड़ियाघर में कैद करके नहीं रखता। और तुम जहाँ चाहों वहाँ अपनी मर्जी से घूम–फिर सकतें हों। इसलिए दुनियाँ के सबसे संतुष्ट और खुश पक्षी तो तुम्हें होना चाहिए। क्योंकि तुम आजाद रहते हों। यह कहकर मोर बहुत दुखी हुआ।

आखिर कौवे को समझ आ गया

मोर की बात सुनकर, कौवा बहुत हैरान रह गया। क्योंकि उसके उसके जीवन की अहमियत कोई दूसरा बता गया। अब कौवे को समझ आ चुका था, कि अपने जीवन की तुलना दूसरे से कभी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि दूसरे की थाली में घी ज्यादा ही नजर आता हैं।

कहानी से सिख :–

इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती हैं। कि हमें अपनी तुलना दूसरों से नही करनी चाहिए।

भावना साहू
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

सेल्फ हेल्प किताबों से प्रशंसा की भूख हमें अलग बनाती है

क्या है मानव व्यवहार का सबसे अहम नियम :– मानव व्यवहार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण नियम है। यदि हम उसका पालन करें, तो शायद ही कभी हमें समस्या का सामना करना पड़े। यह नियम है रू हमेशा दूसरे व्यक्ति को महत्वपूर्ण महसूस कराएं। महत्वपूर्ण होने की इच्छा मानव स्वभ. ाव की सबसे गहरी प्रवृत्ति है। मानव स्वभाव का सबसे गहरा सिद्धांत प्रशंसा की भूख है। यही वह प्रवृत्ति है, जो हमें जानवरों से अलग करती है। (हाउ टु मेक पीपल लाइक यू)

सचेत होकर जीवन जीने का अर्थ है आगे बढ़ना :– अधिक सचेत तरीके से जीने का अर्थ है कि हम जो भी करते हैं, उसमें पूरी तरह से मौजूद हैं। जब हम खड़े होकर बात करते हैं, तो हमें पता होता है कि हम खड़े हैं और बात कर रहे हैं। जब हम रोजमर्रा की अनगिनत गतिविधियां करते हैं, तो हम उन गतिविधियों में शामिल अपने अस्तित्व को याद रखते हैं। हम स्वयं को याद रखते हैं। सचेतन रूप से जीना, सचेत स्व–स्मरण के साथ जीवन में आगे बढ़ना है, जो कि बेहद जरूरी है। (लिविंग मोर कॉन्शियसली)

अपने एक कदम की शक्ति को कम न आंकिए आप जिस चीज को साकार करना चाहते हैं, उसके अनुसार कार्य करें। आपके आज के हालात आपके पिछले विचारों और विश्वासों का सीधा परिणाम हैं। यदि आप सोचने और कार्य करने के तरीके में बदलाव करते हैं और नई आदत को स्थापित होने का समय देते हैं, तो आपको भविष्य में अलग परिणाम मिलेंगे। ब्रह्मांड आपकी ओर से कदम उठाने की प्रतीक्षा कर रहा है। इसलिए एक कदम की शक्ति को कम मत आंकिए। (द आर्ट ऑफ मेनिफेस्टेशन)

अतीत को भुलाकर अलग भविष्य की संभावना पैदा कर सकते हैं :– अतीत को बदलने की एकमात्र जगह वर्तमान है। जीवन की घटनाओं पर नहीं, बल्कि उन घटनाओं की आपकी व्याख्या और उन्हें आकार देने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करके, आप धीरे–धीरे उभरते हुए पैटर्न को देखना शुरू करेंगे। आपके जीवन को संचालित करने वाली मान्यताओं पर अंतदृ ष्टि आपको बताएगी कि चीजें एक निश्चित तरीके से क्यों होती हैं। कर्म हमारे चुनावों से उत्पन्न होता है। आप अतीत की तरह प्रतिक्रिया करने का चुनाव नहीं करते, तो अलग भविष्य की संभावना पैदा करते हैं।

डॉली लक्ष्मी
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

जब भारत आजाद हुआ था

जब भारत आजाद हुआ था
आजादी का राज हुआ था
वीरों ने कुरबानी दी थीद्य
तब भारत आजाद हुआ था

भगत सिंह ने फांसी ली थी
इंदिरा का जनाजा उठा था
इस मिटटी की खुशबू ऐसी थी
तब खून की आँधी बहती थी

वतन का जज्बा ऐसा था
जो सबसे लड़ता जा रहा था
लड़ते लड़ते जाने गयी थी
तब भारत आजाद हुआ था

फिरंगियों ने ये वतन छोड़ा था
इस देश के रिश्तों को तोडा था
फिर भारत दो भागो में बाटा था
एक हिस्सा हिन्दुस्तान था

दूसरा पाकिस्तान कहलाया था
सरहद नाम की रेखा खींची थी
जिसे कोई पार ना कर पाया था
ना जाने कितनी माये रोइ थी,
ना जाने कितने बच्चे भूके सोए थे,
हम सब ने साथ रहकर
एक ऐसा समय भी काटा था
विरो ने कुरबानी दी थी
तब भारत आजाद हुआ था

हेमा रात्रें
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

राज बनगे

राज बनगे– राज बनगे, देखे सपना धुआं होगे
चारों मुड़ा कोलिहा मन के, देखौ हुआं–हुआ होगे
का–का सपना देखे रिहिन पुरखा अपन राज बर
नइ चाही उधार के राजा, हमला सुख–सुराज बर
राजनीति के पासा लगथें , महाभारत के जुआ होगे ....
शेर–बघवा भालू–चीता हाथी के चिंघाड नंदागे
सत रद्दा रेंगइया मन के इतिहास ले नांव भुलागे
जतका ढोंगी जोगी– भोगी, तेकरे मन बर दुआ होगे
तिड़ी बिड़ी छर्री–दर्री, हमर चिन्हारी के परिमाषा
कला – साहित्य सबो जगा चील– कौवा के होगे
बासा बाहिर ले आये मन संतवंतीन,अउ घर के नारी छुआ होगे.
अरे कूदौ–फांदौ टोरौ–पोंछौ, काजर कस अंधरौटी ल ,
अपने खातिर बेलव – सेंकव स्वाभिमान के रोटी
ल खूब पेराये हो कुसियार बरोबर, सरबस छुहा– छुहा होगे

गेनेन्द्र कुमार ध्रुव
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
---सत्र–2024–26

सुविचार

- इंसान की सोच ही, उसकी सबसे बड़ी पहचान है वरना दुनिया में एक नाम के अनेक इंसान है।
- यह कठिन है, इसका मतलब यह नहीं कि यह असंभव है।
- जिन्दगी हमेशा आपको दूसरा मौका देती है. इसलिए अपनी असफलता को खुद पर हावी ना होने दे।
- मेहनत की चाबी से ही खुलता है। सफलता का ताला
- घड़ी को मत देखो, जो वह करती हैं वही करों। चलते रहो।
- सफलता. खुशी की कुंजी नहीं है। खुशी सफलता की कुंजी है
- विनम्र स्वभाव के साथ ही हम ज्ञान की बातें सीख सकते हैं।
- आपकी सोच ही आपके भविष्य को आकार देती है।

मंजू साहू
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
---सत्र–2024–26

किसी के गंतव्य में निस्वार्थ भाव से बिना किसी चाह उन्हें आश्रय देना आवश्यक हैं नाम की स्वंय को उनका लक्ष्य अपेक्षित करना।

मानसी वर्मा
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
---सत्र–2024–26

–: छ.ग. कविता :–

कइसन – कइसन के जमाना आवत हे
उठत, बइठत सुतत जागत सुतत मोबाइल मा जम्मों घुसरत हें।

फैशन – फैशन कही कहीके
नान्हे – नान्हे चिरहा फटहा कपडा पहिन के
मटक–मटक के मोबाइल मा विडियों ला बनावत हे।.

संस्कार भुलावत है, संस्कृति भुलावत है,
अब के जुग मा दु लइका के महतारी मन मेकअप लगाए.
अठारह साल के दूरी जइसे दिखत हें।

अव लइका सियान बुढ़वा मन के का बतावाव बात ।
एक पउवा ला पियत है, ऊहू मन बउरावत हे।

केदे दाई, केंदे बाबू, केदे बहिनी
अहू ल भूल जावत हे देखव–देखव ओ दीदी हो
देखव –देखव गा भइया हो
कइसन – कइसन के जमाना आवत हें।

हिरेन्द्र कुमार
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
---सत्र–2024–26

बी रंजनी की कहानी

रजनी गुरू रामदास के समय में रायदुनी चंद की सबसे छोटी बेटी थी और एक धर्मनिष्ठ सिख थी, रजनी ने अपने पिता को भगवान के, उपहारो का श्रेय देकर नाराज कर दिया। रजनी के भक्ति से नाराज होकर उसके पिता ने उसे सजा के तौर पर एक मे कोड़ी से शादी करवा दी। रजनी और उसके कोठी पति भीख मांग कर अपना गुजारा करते थे रजनी ने अपनी कठिनाइयों के बावजूद भगवान पर अटूट विश्वास के साथ अपने मति की देखभाल की.।

एक दिन, भीख मांगते समय उसके पति ने एक चमत्कारी कुंड में एक काले कौवें को उड़ते हुए आकर उस कुंड मेंडुबते हुवें देखा जो बर्फ की तरह सफेद होकर निकनी और आसमान में में उड़ गई उस चमत्कारी कुंड में रजनी के पति ने स्नना किया और ठीक हो गयें। साखी कहती है कि जो लोग कभी भी भगवान पर विश्वास नहीं खोते चाहे उनके लिए भगवान कितनी भी कठिन परिस्थितियाँ क्यों न हो उन्हें अंत में भगवान द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा

मंजु रात्रे
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

–: सुविचार :–

- सबको गिला है
  बहुत कम मिला है... जरा सोचिए..
  जितना आपको मिला है, उतना कितनों को मिला है।
- इस दुनिया में असंभव कुछ भी नहीं हम वो सब कर सकते है, जों हम सोच सकते हैं। और हम वो सब सोच सकते हैं, जो आज तक हमने नहीं सोचा है!
- आज रास्ता बना लिया है, तो कल मंजिल भी मिल जाएगी। हौसलों से भरी यह कोशिश एक दिन रंग जरूर लाएगी।
- ख्वाहिशें क्यों ना छोटी हो मगर इसे पूरा करने के लिए दिल जिद्दी होना चाहिए।
- जिसके मन का भाव सच्चा होता है, उसका हर काम अच्छा होता है।
- जीवन में एक समय ऐसा आता है। जब व्यक्ति ये अनुभव करता है कि, दूसरे मनुष्यों की सेवा करना, लाखो जप–तप के बराबर है।
- शिक्षा और संस्कार जिंदगी जीने के दों मूल मंत्र हैं, शिक्षा कभी झुकने नहीं देगी। और संस्कार कभी गिरने नहीं देंगी ।।

जंयती सिदार
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

कहानी जादुई – पक्षी

एक समय की बात है, एक छोटे से गाँव में लिली नाम की एक युवा लड़की रहती थी। लिनी बहुत दयालु और उदार लड़की थी, जो हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद करती थी। वह अपने किसान माता–पिता के साथ रहती थी, और उनके पास एक छोटी सी खेत थी जहां वे फसल उगाते थे।

एक दिनः लिली खेत में चल रहीं थी, और उसने एक घायल पक्षी को जमीन पर लेटे हुए देखा। वह तुरंत पत्ती को उठाकर घर ले गई। उसने उस पक्षी को ठीक करके वापस जंगल में छोड़ दिया।

अगले दिन, पक्षी वापस आ गई और लिली की उसकी मेहरबानी के लिए धन्यवाद किया। उस पक्षी ने लिली से कहा की मैं एक जादुई पक्षी हूँ तुम्हें तुम्हारी इस मेहरबानी के लिए एक इनाम देना चाहती है।" लिली के मन में लालच जागा, और लिली ने किसी भी वस्तु को छुते ही सोना बन जाने का इच्छा जताई।

पक्षी ने उसकी इच्छा पूरी की और हर चीज जो वह छूती थी, सोने की होने लगी। शुरूआत में, लिली बहुत खुश थी और उसने अपने आसपास की हर चीज छूने लगी। लेकिन जल्द ही, वह समझ गई कि उसने गलती कर दी है।

एक दिन जब लिली, अपने छोटे भाई के साथ खेल रही थी, तो उसने उसे छू लिया और सोने का रूप दे दिया। यह देखकर वह बहुत दुखी हुई और समझ गई कि उसने लालच में आकर गलत इच्छा मांग ली। उसे अपनी गलती का एहसास हुई और पक्षी से अपनी इच्छा को लौटा देने की बात कही।

पक्षी उसके सामने आ गया और कहाँ, लिली, तुमने एक मूल्यवान सीख हासिल की है। उदारता सबसे मूल्यवान उपहार है। इसे माँगा या सोने से खरीदा नहीं जा सकता। याद रखो कि असली संम्पत्ति आपके आस पास के प्यार और खुशी में होती है।

उस दिन से लिली अपने परिवार के साथ सुखी और संतुष्ट जीवन जीने लगी। वह हमेशा अपनी सीख को याद रखती थी और जरूरतमंद लोगों की मदद करती रही, उसने कभी भी किसी को नुकसान पहुंचाने वाली कोई काम नही की।

(नैतिक कहानी) का सिध्दांत यह है कि असली धन दया और प्रेम में होता है, और भौतिक वस्तुएं कभी सुख नहीं ला सकतीं।

दुर्गा ध्रुव
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

सफलता की दुरी

एक लडका जो कि बहुत ज्यादा गरीब था वह बहुत मेहनत करने के बाद भी इतना धन इकट्ठा नही कर पा रहा था कि खुद का व्यापार शुरू कर सके इसलिए उसने महात्मा बुद्ध से पूछा की कामयाबी का राज क्या है।

महात्मा बुद्ध ने कहा ठीक है मैं तुम्हे इस बात का जवाब कल सुबह नदी के किनारे बताऊंगा लडका इसरे दिन नदी किनारे बताए गय समय पर पहुंच गया।

महात्मा बुद्ध नदी किनारे पहले से मौजूद थे महात्मा बुद्ध ने कहां तुम्हे नदी मे तब तक चलते जाना हैं जब तक पानी का स्तर तुम्हारे कंधों तक न आ जायें मैं भी तुम्हारे साथ चलुंगा मैं तुम्हे वही तुम्हारें सवाल का जवाब दुंगा ।

लड़के ने कहा ठीक है और वह नदी के पानी में उतर गया वह नदी में चला गया. और पानी ने उसके कंधों को ढक लिया तब महात्मा बुद्ध भी लड़के को पीछे से पानी में डुबोना शुरु कर दिया और उसके सर को पानी में डुबों दिया।

लड्का बहुत कोशिश करने के बाद भी नही निकल पा रहा था क्योंकि गौतम ज्यादा शक्तिशली हैं थोडी देर बाद गौतम बुद्ध ने लड़के को छौड़ दिया और लडका लेने पानी से बाहर निकलते ही तेजी सें सांस लेने लगा।

थोडी देर बाद लडका महात्मा बुद्ध से बोला क्या, आप मेरे प्राण लेना चाहते है तब महात्मा बुद्ध ने कहा मैं तुम्हारे सवाल का अब जवाब दूंगा जब तुम पानी में थे तब तुम्हारा दिमाग क्या सोच रहा था।

लड़के ने बताया कि मेरा दिमाग कुछ नही सोच रहा था मुझे बाहर निकल कर किसी भी प्रकार से बस सांस लेनी थी।

तब महात्मा बुद्ध ने बताया कि यदि तुम सफलता पनि का प्रयास इसी तीव्र इच्छा से करोगे जिस प्रकार तुम सांस लेने की कोशिश कर रहें थे तभी तुम्हे सफलता मिलेगी।

अनामिका लहरी
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
सत्र–2024–26

संघर्ष से सफलता तक

यह कहानी है एक बहुत ही प्रतिभावान लड़की की जिसका नाम है दिव्या। दिव्या एक ऐसी लड़की जिसने अपनी जिंदगी में सिर्फ और सिर्फ जीतना ही सीखा, जिसके सपने भी हमेशा से बड़े थे और हमेशा की तरह वह अपने सपनो को पूरा करने का दम भी भी रखती थी, उसकी अपनी जिंदगी में हमेशा ही सब कुछ अच्छा रहा।

अपने स्कूल से लेकर कॉलेज में हमेशा प्रथम आने से तक,अपने स्कूल और कॉलेज के समय में हमेशा दूसरे सहपाठियों के लिए एक आदर्श बनने तक का सफर हमेशा बहुत ही शानदार रहा। अपने घर परिवार में भी उसको सभी से बहुत प्यार सम्मान मिला। इस तरह अपने पि.रवार अपने दोस्तो के साथ उसकी जिंदगी बहुत ही अच्छे से चल रही थी।

दिव्या अपने सपने एक एक करके पूरे करती जा रही थी। लेकिन फिर उसकी जिंदगी में एक ऐसा मुकाम आया जो सामान्यत हर लड़की के जीवन में आता है। दिव्या के घरवालों ने उसकी शादी करा दी। बहुत ही धूम धाम से शादी हुई और दिव्या ने अपने नए शादीशुदा जीवन में कदम रखा, इस उम्मीद के साथ की उसके जो सपने शादी से पहले अधूरे रह गए थे वो अब पूरे होंगे। वह अपने जीवन साथी के साथ मिलकर अपने जीवन में और आगे बढ़ती चली जायेगी और जैसा जीवन वह चाहती थी अब वो और उसका जीवनसाथी साथ में मिलकर हासिल करेंगे।

लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। दिव्या को बहुत ही पा.रंपरिक और दकियानूसी सोच रखने वाला जीवन साथी मिला,जिससे दिव्या किसी भी तरह के साथ की उम्मीद कभी कर ही नहीं सकी। शादी होने के बाद एक एक करके दिव्या के पैरो में परिवार की इज्जत और घर की जिम्मेदारी के नाम पर तरह तरह से जंजीरे बंधी जाने लगी। धीरे धीरे दिव्या को घर की जिम्मेदारी के नाम पर उसका खुद का अस्तित्व खोने पर मजबूर किया जाने लगा। एक एक करके दिव्या के सपनो का गला घोटा जाने लगा। ऐसे समय में दिव्या जो कभी अपनी जिंदगी में कामयाब होने का और जीवन में अपने दम पर कुछ हासिल करने का सपना देखा करती थी वह सिर्फ एक हालतों की शिकार हो कर रह गई। हर दिन वह खुद को कोसने लग गई, अपनी किस्मत को,और अपने भगवान को जिन्होने उसके साथ ऐसा किया।

एक खुशमिजाज लड़की जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाली, अपने जीवन के हर पल को खुल कर जीने वाली लड़की

दिव्या, एक नकारात्मक नजरिया रखने वाली लड़की बनकर रह गई और इसी कारण उसके जीवन में कई सारी नकारात्मक चीजे एक के बाद एक होने लगी।

फिर कुछ समय बाद ही दिव्या ने एक नन्ही परी को जन्म दिया। वह नन्ही परी उसके जीवन में उम्मीद की एक किरण बन कर आई। इस नन्ही परी के आने के बाद दिव्या की जिंदगी फिर बदलने लगी। दिव्या अब अपनी नन्ही परी के लिए जीने लगी। धीरे धीरे दिव्या कब एक साधारण लड़की से एक ऐसी मां के रूप में बदल चुकी थी जो अपने बच्चे के लिए पूरी दुनिया से लड़ जाए। उस नन्ही परी के आने के बाद दिव्या को यह एहसास होने लगा की वह अब एक और दिन ऐसा जीवन नही जिएगी। अगर वह खुद अंदर से इतना टूट जायेगी तो फिर वह अपनी नन्ही परी को एक अच्छा जीवन केसे दे पाएगी।

इसीलिए अब दिव्या ने अपने हक के लिए आवाज उठना शुरू कर दिया। फिर क्या एक एक करके सभी दिव्या के खिलाफ होने लगे यहा तक की खुद उसके जीवनसाथी ने उसका साथ छोड़ दिया, लेकिन तमाम संघर्षों, और विरोध के बाद भी दिव्या अपनी लड़ाई लड़ती रही, क्युकी अब दिव्या ने यह निश्चय कर लिया था की वह अपने और अपने बच्चे का जीवन को इस तरह से घुट घुट कर नही जीएगी। उसने फैसला किया की वह अपने आप को और अपने बच्चे को एक अच्छा जिंदगी देगी, जहा पर शांति और सुकून हो और खुल कर अपने विचारो को व्यक्त करने की आजादी हो। अपने जीवन को अपने अनुरूप जीने की आजादी हो।

दिव्या के यह निश्चय कर लेने के कुछ समय फिर धीरे धीरे दिव्या का जीवन भी सकारात्मक रूप बदलने लगा, उसे अपने जीवन के सभी कामों में सफलता मिलने लगी और दिव्या अपने जीवन में एक के बाद एक सफलता हासिल करने लगी।

अब दिव्या में एक ऐसी अंदरूनी शक्ति आ गई थी की दिव्या अपने साथ में हो रही चीजो को समझने लगी थी और हर स्थिति का सामना करने की हिम्मत उसे अपने ही अंदर से मिलने लगी थी।अब दिव्या पहले से बहुत ज्यादा खुश रहने लगी। और जीवन में सब कुछ बदलने लगा उसकी सफलता को देख कर उससे जलने वाले लोग कई तरह की बाते भी बनाने लगे परंतु अब दिव्या को परवाह नही थी किसी की क्युकी अब दिव्या ने अपने ऊपर भरोसा करके अकेले जीना सीख लिया था।

साक्षी बंजारे
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

ईडली बनाने की विधी

सामग्री

- 1 कप उड़द दाल
- 2 कप इडली रवा ६ चावल रवा

1 टी स्पून नमक

तेल ग्रीस करने के लिए

अनुदेश

1. सबसे पहले, एक बड़े कटोरे में 4 घंटे के लिए 1 कप उड़द दाल भिगोएँ।
2. पानी को छान लें और ब्लेंडर या ग्राइंडर में स्थानांतरित करें।
3. आवश्यकतानुसार पानी मिलाकर चिकना और रोएँदार बैटर के लिए ब्लेंड करें।
4. एक बड़े कटोरे में बैटर को स्थानांतरित करें। अलग रखें।
5. अब एक और कटोरे में 2 कप इडली रवा लें। अगर आपने उड़द दाल को पीसने के लिए ग्राइंडर का उपयोग किया है, तो 3 कप इडली रवा डालें क्योंकि उड़द दाल का बैटर बहुत नरम होगा।
6. इडली रवा को पर्याप्त पानी से धोएं और पानी को निकाल लें। अगर आपके पास इडली रवा नहीं है, तो कच्चे चावल की रेसिपी के साथ इडली देखें।
7. इसे 2 या 3 बार दोहराएं या जब तक पानी साफ न हो जाए।
8. इडली रवा से पानी निचोड़ें और उड़द दाल का बैटर में डालें।
9. अच्छी तरह से मिलाएं सुनिश्चित करें कि रवा और उड़द दाल को अच्छी तरह से संयुक्त किया गया है।
10. अब 8–10 घंटे के लिए या बैटर के किण्वन और दोगुना होने तक गर्म स्थान पर ढककर रखें और आराम दें।
11. 8 घंटे के बाद, बैटर दोगुना मौजूद एयर पॉकेट के साथ अच्छी तरह से किण्वित होने का संकेत देता है।
12. बैटर में 1 टीस्पून नमक मिलाएं और एयर पॉकेट्स को परेशान किए बिना धीरे से मिलाएं।
13. अब इडली प्लेट को तेल से चिकना कर लें।
14. तेल के साथ चिकना इडली प्लेट में बैटर डालें।
15. मध्यम आंच पर 10 मिनट के लिए या टूथपिक डालने से साफ बहार आता है तक स्टीमर और भाप में रखें।
16. अंत में, नरम इडली रेसिपी चटनी और सांभर के साथ परोसने के लिए तैयार है।

सुशीला साहू
कक्षा– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर
--सत्र–2024–26

प्रेरणादायक श्लोक

◉ कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन भगवद गीता

अर्थ: अपने कर्म पर ध्यान दे, फल की चिंता मत करो।

◉ आत्मविश्वासी जीवन ही सफलता की कुंजी है।

अर्थ: खुद पर विश्वास रखो, सफलता तुम्हारी होगी।

◉ युद्ध क्षेत्र में जब हम हार की ओर जाते हैं, तो हमें अपने आत्मविश्वास को नहीं खोना चाहिए।

अर्थ: हार की स्थिति में भी आत्मविश्वास बनाए रखो।

◉ संघर्ष से जीतने वाला व्यक्ति ही सच्चा विजेता है।

अर्थ: संघर्ष से जीतना ही सच्ची जीत है।

Bharti Khute B.Ed. 1st

सफलता की प्रेरणादायक कहानी

एक व्यक्ति था जिसके जीवन में बचपन से ही समस्याएं हीं समस्याएं थीं. बचपन में ही उसके पिता की मृत्यु हो गई, जिस कारण कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां उसके ऊपर आ गई. व्यस्क होने के बाद जब उसका विवाह हुआ तब जिम्मेदारियां और परेशानियों दोनों और अधिक बढ़ गई. इसी तरह उसके जीवन में परेशानियां लगी रहती. एक परेशानी के खत्म होते ही दूसरी शुरू हो जाती. इससे परेशान होकर व्यक्ति एक दिन एक प्रसिद्ध संत के पास पहुंचा.

व्यक्ति ने संत से कहा, बाबा मुझे अपना शिष्य बना लें. मैं जीवन से बहुत परेशान हो गया हूं और दुखी हूं. संत बोले ठीक है, तुम मुझे अपनी परेशानी बताओ. व्यक्ति ने कहा, बाबा मेरे जीवन में बहुत परेशानी है. एक समस्या खत्म नहीं होती और दूसरी शुरू हो जाती है. इस कारण में तन. ाव और दुखी रहता है और किसी काम में सफलता नहीं मिल पाती है.

बाबा ने कहा कि ठीक है, मैं तुम्हारी परेशानियों का हल बताता हूं. तुम मेरे साथ चलो. संत व्यक्ति को लेकर एक नदी के पास पहुंचे. संत ने व्यक्ति को नदी के किनारे खड़ा कर दिया और बोले हमें ये नदी पार करनी है. यह कहकर संत वहीं खड़े हो गए. व्यक्ति भी संत के साथ वहीं खड़ा हो गया.

थोड़ी देर बाद उसने कहा, बाबा हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? संत ने कहा हम नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं. जब नदी सूख जाएगी तो हम इसे आसानी से पार कर सकते हैं. व्यक्ति बहुत आश्चर्य होकर बोला, बाबा आप ये कैसी बात कर रहे हैं, नदी का पानी कैसे और न जाने कब सूखेगा. हमें नदी को इसी समय पार करना चाहिए.

संत ने कहा, मैं भी तुम्हें यही समझाने के लिए यहां लाया हूं, कि जीवन में समस्याएं तो आती ही रहेंगी. हमें रुकना नहीं चाहिए बल्कि लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए, तभी हम उसे हल कर पाएंगे और आगे बढ़ पाएंगे. व्यक्ति को संत की बात समझ आ गई. उसने अपनी सोच बदली और उसी दिन निश्चय कर लिया कि परिस्थित कैसी भी हो, समस्या कोई भी हो उसका हल करते हुए सफलता की ओर आगे बढ़ना है.

प्रियल वर्मा
कक्षा– पीजीडीसीए
---सत्र–2024–25

सफलता की कुंजी

सफलता की कुंजी एक ऐसा चिराग है, जिसे हर कोई पाना चाहता है. लेकिन इसके लिए मेहनत, परिश्रम, धैर्य, बल, आत्मविश्वास, जैसी कई चीजें व्यक्ति में होनी चाहिए. सफलता को लेकर कई प्रेरणादायक कहानियां सुनने को मिलती हैं. हमारे आस–पास भी ऐसे कई सफल लोग होते हैं, जिनके संघर्ष की कहानी पढ़कर हम जीवन में सफल बनने के लिए प्रेरित होते हैं.

लेकिन कुछ लोग सफल होने के लिए सही वक्त का इंतजार करते हैं और रुके रह जाते हैं. अगर आप भी ऐसा सोचते हैं तो इस कहानी को जरूर पढ़ें. इस कहानी से यह सीख मिलती है कि सफलता को प्राप्त करने के लिए सही समय या फिर परेशानी के खत्म होने का इंतजार न करें और बुरी परिस्थिति का रोना न रोएं, ऐसा करने से सफलता हाथ से निकल जाएगी और आप वहीं के वहीं रह जाएंगे.

पावनरेखा जोशी
कक्षा– पीजीडीसीए
--------------------------------------सत्र–2024–25

SUCCESS STORY : एक गरीब छात्र जिसने मेहनत से पूरा किया पिता का सपना

समय बदलते देर नहीं लगती। बुरे दौर का हिम्मत और मेहनत से मुकाबला करें तो मुसीबतें खुद ही दूर चली जाती हैं। सोनू के पिता गंगा प्रसाद आईटीआई में छोटे पद पर काम करते थे। कमाई इतनी ही थी कि किसी तरह अपना और परिवार का पेट भर सकें, लेकिन आईटीआई में छात्रों को पढ़ते देख वे अपने सोनू के लिए सपने देखा करते थे। लेकिन उनकी दुनिया आईटीआई तक ही सीमित थी। उन्हें आईआईटी के बारे में पता भी नहीं था। सोनू पढने में होशियार था, लेकिन पटना के जिस सरकारी स्कूल में वह पढ़ता था, वहां शिक्षक रोज नहीं आते थे। उसके पास सारी किताबें भी नहीं थीं। लेकिन आत्मविश्वास भरपूर था।

पिता अपनी नौकरी के दम पर बड़ी मुश्किल से बच्चों के लिए किताब खरीद पाते थे। उन्हें हर साल इसके लिए कर्ज लेना पड़ता था। ऊपर से भाइयों के साथ पारिवारिक कलह भी अशांति का एक बड़ा कारण था। लेकिन सोनू को आईटीआई में पढ़ाने की उनकी हसरत कभी कमजोर नहीं पड़ी। सोनू भी इन मुश्किलों से जूझते हुए किसी तरह पढ़ाई करता रहा। आठवीं–नौवीं कक्षा में था तब भी वह रात को देर तक जगकर पढ़ाई करता रहता। उसकी यह धुन देखकर पिता मन ही मन खुश होते, लेकिन दिल में कचोट होती थी कि वे बेटे की पढ़ाई की सारी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे थे।

वह जब दसवीं कक्षा में आया तो उसने पहली बार आईआईटी का नाम सुना। उसके बाद से उसने आईआईटी में ही पढ़ाई करने की ठान ली। किसी तरह दसवीं पास करने के बाद उसने पिता को आईआईटी के बारे में बताया तो उन्होंने पहली बार में ही मना कर दिया। उनके मन में तो आईटीआई बैठा था। फिर, आईआईटी की तैयारी और पढ़ाई में होने वाले खर्च की भी उन्हें चिंता थी। लेकिन बेटे की जिद के आगे उन्हें घुटने टेकने पड़े। खर्च की व्यवस्था के लिए उन्होंने घर के कई सामान बेच दिए।

इसी बीच सोनू को सुपर 30 के बारे में पता चला और एक दिन वह मेरे सामने था। बेहद शर्मीला और संकोची, लेकिन प्रतिभा से भरा हुआ। मैं पहली बार में ही उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। क्लास में भी वह हर समय किताबों में ही उलझा रहता। उसकी एक खासियत दूसरे छात्रों से अलग थी, वह किसी सवाल को हल करने के पहले उसका कॉन्सेप्ट समझने की कोशिश करता। उसने तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिता का बिका हुआ घर और परिवार की गरीबी उसे हर पल याद रहते।

साल 2010 में आईआईटी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आया तो सोनू की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उसे आईआईटी, खडगपुर में प्रवेश मिल गया था। पिता ने पूरे मोहल्ले में मिठाई बांटी, यह बताते हुए उनके बेटे का आईटीआई में सिलेक्शन हो गया है। उसने जी–तोड़ मेहनत कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। इसी दौरान आईआईएम के बारे में पता चला तो अब वह उसकी तैयारी में भिड़ गया। इधर कैंपस प्लेसमेंट में उसकी नौकरी रिलायंस कंपनी में लग गई। दूसरी ओर, कैट परीक्षा में कामयाबी हासिल करने के बाद उसे आईआईएम में भी प्रवेश मिल गया। लेकिन अब यह फैसला नहीं कर पा रहा है कि परिवार की माली हालत सुधारने के लिए उसे नौकरी ज्वॉइन कर लेनी चाहिए या मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी कर बेहतर भविष्य के लिए कोशिश करनी चाहिए।

उसके पिता अब भी आईआईटी और आईटीआई के बीच का फर्क ज्यादा नहीं समझते, लेकिन इसका गुमान उन्हें जरूर है कि उनका खराब समय अब खत्म होने वाला है।

हालांकि, सोनू का संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। वह गरीब लोगों के लिए काफी कुछ करना चाहता है ताकि उसके जैसे दूसरे होनहार बच्चों को पढ़ाई के लिए इतना संघर्ष न करना पड़े। उसने मुझे से भी इस बारे में पूछा तो मैंने बस इतना ही कहा कि जो भी करो, दिल से करो। मुझे पता है कि सोनू कोई भी काम आधे मन से नहीं करता और ठान लेने पर कोई भी लक्ष्य उसके लिए चुनौती नहीं बन सकता।

शैलेन्द्र वर्मा
कक्षा– पीजीडीसीए
---सत्र–2024–25

जादुई जलपरी की कहानी

जादुई जलपरी की कहानी घृणा यानी नफरत एक ऐसा जहर है जो, किसी भी रिश्ते में अलगाव ला सकता है घृणा का असर द्विपक्षीय होता है जिसे, समझाने हेतु यह कहानी (moral stories in hindi) लिखी गई है मुझे पूरी आशा है कि, यह आपके ज्ञान चक्षु खोलेगी।

उमेश और विष्णु कई वर्षों से दोस्त थे दोनों के पिता रेलवे में नौकरी करते थे विष्णु भी अपने पिता की तरह रेलवे में नौकरी करना चाहता था इसलिए, वह रेलवे एग्जाम की तयारी कर रहा था वहीं उमेश का पढ़ाई में बिलकुल मन नहीं लगता था इसलिए, वह विष्णु का भी मन भटकाने की कोशिश में रहता था दरअसल, विष्णु उमेश की तुलना में, पढ़ाई में ज्यादा होशियार था इसी वजह से उमेश मन ही मन उससे घृणा करता था लेकिन, ऊपरी तौर पर वह, उसके दोस्त होने का दिखावा करना बखूबी जानता था

एक दिन उमेश विष्णु से पूछता है, "तुम सारा दिन पढ़ाई करते करते बोर नहीं होते?" विष्णु मुस्कुराते हुए कहता है कि, "यार जिंदगी में कुछ सार्थक लक्ष्य तक पहुँचने के लिए, मेहनत तो करनी ही पड़ेगी और फिर पढ़ाई करना मुझे बचपन से पसंद है भला मुझे, इसमें कैसी बोरियत महसूस होगी ?" लेकिन, उमेश पहले से ही बाहर घूमने की योजना बनाकर आया था इसलिए, वह विष्णु से कहता है कि, "आज मेरा जन्मदिन है और आज हमें बाहर पिकनिक पर चलना हैद्य तुम्हारा कोई बहाना नहीं चलेगा विष्णु अपने दोस्त को, उसके खास दिन पर नाराज नहीं करना चाहता था इसलिए, वह बाहर चलने को मान जाता है दोनों अपनी अपनी साईकिल से निकल पड़ते हैं

जलपरी की बात सुनकर, विष्णु को थोड़ा संदेह होता है लेकिन, उमेश की खुशी का ठिकाना नहीं था वह उछलते हुए नदी से बाहर नि. कलकर, खुशी से नाचने लगता है कुछ देर बाद दोनों वापस अपने घर पहुँचते हैं दोनों यह बात अपने घर के लोगों से छुपा लेते हैं उमेश को मन ही मन लग रहा था कि, विष्णु तो पहले से ही उससे बेहतर है वह उसके लिए क्या माँगे? वह विष्णु से कहता है, "तुम मेरे लिए बहुत सारी दौलत माँगो ताकि, उसकी आधी तुम्हें भी मिल जाए और मैं भी, तुम्हारे लिए उतनी ही दौलत मांगूंगा" विष्णु अपने दोस्त को समझाता है "धन दौलत तो हम बाद में भी कमा सकते हैं हमें कुछ और चीज माँगना चाहिए" लेकिन, उमेश उसकी बात नहीं सुनता मजबूरी में विष्णु को, उमेश की बात माननी पड़ती है और विष्णु के कहते ही, उमेश के पास दौलत का खजाना आ जाता है और शर्त के मुताबिक, उसका आधा विष्णु को भी मिल जाता है इतनी दौलत देखते ही, उमेश का दिमाग चकरा जाता है वह लालच में आकर सोचता है कि, "मैं तो अब धनवान बन गया क्यों ना, विष्णु से उसका सब कुछ छीन लिया जाए ताकि, वह मुझसे आगे न निकल सके" और वह जलपरी के दिए हुए पत्थर से, विष्णु को पूरी तरह से अपाहिज करने की कामना करता है और अगले ही पल, विष्णु पूरी तरह अपाहिज हो जाता है लेकिन, शर्त के अनुसार उमेश के शरीर का आधा हिस्सा भी, अपाहिज हो चुका था , विष्णु अपने दोस्त का छल देखकर दुखी हो जाता है।

उसे यकीन ही नहीं होता कि, उसका दोस्त उससे कितनी घृणा करता था जो, उसने पत्थर से यह माँगा, उमेश को सबक सिखाने के लिए, विष्णु अपनी दूसरी इच्छा में उमेश की सारी दौलत छीन लेता है। दौलत जाते ही उमेश, विष्णु के सामने गिड़गिड़ाते हुए कहता है कि, "मुझसे गलती हो गई, मुझे मेरी दौलत लौटा दो" लेकिन, तीर कमान से निकल चुका था, फिर भी, उसे रोते हुए देख, विष्णु उससे कहता है कि, "मैं तुम्हें अपनी सारी दौलत दे दूँगा लेकिन, पहले तुम मुझे पूरी तरह ठीक करो, दौलत मिलने की लालच में उमेश, पत्थर से अपनी दूसरी इच्छा में, विष्णु को पूरी तरह ठीक करने को कहता है और अगले ही पल, विष्णु पूरी तरह स्वस्थ हो जाता है लेकिन, परिणामस्वरूप उमेश अभी भी, एक तिहाई शरीर से अपाहिज ही रहता है, दोनों इच्छा पूरी होते ही पत्थर अपने आप गायब हो जाते हैं, तभी विष्णु वहाँ से उठकर जाने लगता है, उसे जाते देख, उमेश लंगड़ाते हुए उसके पास पहुँचता है और उससे उसके वादे के अनुसार, दौलत देने के लिए कहता है लेकिन, विष्णु उसे किनारे हटाकर, उसकी जिंदगी से हमेशा हमेशा के लिए दूर हो जाता है, दरअसल, उमेश के घृणा भाव ने विष्णु का दिल तोड़ दिया था। अपने दोस्त के जाते ही, उमेश को अपनी गलती का बहुत पछतावा हुआ। उमेश आज भी पश्चाताप की आग में जलते हुए, अपाहिजो की जिंदगी जी रहा है और इसी के साथ यह कहानी खत्म हो जाती है।

राहुल कुमार
कक्षा— पीजीडीसीए
सत्र—2024—25

समय एक नदी है

चिड़िया अगर दूर तक उड़ जाये तो
वह वापस लौट सकती है
हिरन अगर जंगल में भटक जाये
तो वह वापस घर पहुँच सकता है
आदमी अगर दिशा भूल जाये
तो वह अपने कदम पीछे खींच सकता है
लेकिन नदी कभी वापस नहीं लौटती
वह बहती जाती है
बहती जाती है
और बहती जाती है
समय एक नदी है
नदी का बहना दीखता है
किंतु समय का बहना दीखता नहीं
वह महसूस होता है
नदी जब उफान पर होती है
तो वह बहा ले जाती है
सब कुछ अपने साथ।
समय भी बहा ले जाता है अपने साथ
अनगिनत संस्कृतियाँ, सभ्यताएँ,
इंसान, भावनाएँ, संवेदनाएँ
और भी वह सब जो कुछ संसार में मौजूद है
नदी और समय दोनों की आदतें एक–सी हैं।

आकाश वर्मा
कक्षा– पीजीडीसीए
--सत्र–2024–25

सोशल मीडिया से तात्पर्य

'सामाजिक संजाल स्थल' (social networking sites) आज के इंटरनेट का एक अभिन्न अंग है जो दुनिया में एक अरब से अधिक लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो उपयोगकर्ता को एक सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने एवं वेबसाइट पर अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ सहभागिता करने की अनुमति देता है।

प्रोफाइल का उपयोग अपने विचारों को साझा करने, पहचान के लोगों या अजनबियों से बात करने में किया जाता है। उदाहरण – फेसबुक, ट्विटर आदि इस संपूर्ण प्रक्रिया में वेबसाइट पर उपलब्ध उपयोगकर्ता की निजी सूचनाएँ भी साझा हो जाती हैं।

यह पूरी प्रक्रिया सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित होती है, जहाँ विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है। उपयोग के बहु–विविध तरीके और तकनीकी निर्भरता ने 'सामाजिक संजाल स्थल' को विभिन्न प्रकार के ख़तरों के प्रति सुभेद्य किया है।

सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव

सोशल मीडिया दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का एक महत्त्वपूर्ण साधन है और इसने विश्व में संचार को नया आयाम दिया है।

सोशल मीडिया उन लोगों की आवाज बन सकता है जो समाज की मुख्य धारा से अलग हैं और जिनकी आवाज को दबाया जाता रहा है।

वर्तमान में सोशल मीडिया कई व्यवसायियों के लिये व्यवसाय के एक अच्छे साधन के रूप में कार्य कर रहा है।

सोशल मीडिया के साथ ही कई प्रकार के रोजगार भी पैदा हुए हैं।

वर्तमान में आम नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिये सोशल मीडिया का प्रयोग काफी व्यापक स्तर पर किया जा रहा है।

कई शोधों में सामने आया है कि दुनिया भर में अधिकांश लोग रोजमर्रा की सूचनाएँ सोशल मीडिया के माध्यम से ही प्राप्त करते हैं।

सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव

कई शोध बताते हैं कि यदि कोई सोशल मीडिया का आवश्यकता से अधिक प्रयोग किया जाए तो वह हमारे मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है और हमे डिप्रेशन की ओर ले जा सकता है।

सोशल मीडिया साइबर–बुलिंग को बढ़ावा देता है।

यह फेक न्यूज और हेट स्पीच फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सोशल मीडिया पर गोपनीयता की कमी होती है और कई बार आपका निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है।

साइबर अपराधों जैसे– हैकिंग और फिशिंग आदि का खतरा भी बढ़ जाता है।

आजकल सोशल मीडिया के माध्यम से धोखाधड़ी का चलन भी काफी बढ़ गया है, ये लोग ऐसे सोशल मीडिया उपयोगकर्त्ता की तलाश करते हैं जिन्हें आसानी से फँसाया जा सकता है।

सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता है।

पियांशु धर्मानी
कक्षा– डीसीए
---सत्र–2024–25

हसदेव जंगल

पेड़ काटोगे तो हवा घटेगी,जल हो जायेगा गुम,
मानव तेरे पतन का,चहूँ ओर होगा धूम ही धूम।
कहीं लुप्त हो जाएगा,यह प्रकृति का सुंदर चित्र,
मनुष्य मारे पैर में कुल्हाड़ी,यह कार्य है विचित्र।
वक्त की यही है आवाज,विश्व को भी बताना है,
जग के अस्तित्व के लिए,हसदेव को बचाना है।

ऐश्वर्य पूर्ण जीवन में,माटी–पुत्र कहीं खो गया,
वन को काट कर, 'इमारती पलंग' में सो गया।
पुछता है 'अकिल',क्या कोयला ही खजाना है?
जग के अस्तित्व के लिए,हसदेव को बचाना है।

यकीनन वनांचल के लोगों का,पहचान है वन,
पेड़ से मिले शुद्ध वायु,स्वस्थ होता है तन–मन।
जंगल की शान है,जीव–जंतुओं का हलचल,
वन से लोगों को मिलता है,रोजगार हर–पल।
जान कर भी अंजान है,देखो कैसा जमाना है?
जग के अस्तित्व के लिए,हसदेव को बचाना है।

विद्युत तो और भी तरीके से बन जाएगा,
लेकिन यह अनमोल पेड़,कौन बनाएगा?
शुद्ध हवा के अभाव में,हर जीव मर जाएगा,
इंसान के अभाव में,पृथ्वी को कौन बचाएगा?
युवा शक्ति की आवाज है,हर पेड़ को बचाना है,
जग के अस्तित्व के लिए,हसदेव को बचाना है।

छ.ग.हो रहा है तबाह,कृपया इसे बचाईए,
हसदेव की रक्षा के लिए,सभी आगे आईए।
है निवेदन,सभी जगह मे आंदोलन छेड़ दो,
'हसदेव' के विरूद्ध,हर कदम को खदेड़ दो।
प्रकृति है हमारी पहचान,बस यही समझाना है,
जग के अस्तित्व के लिए,हसदेव को बचाना है।

वक्त रहते,वक्त का किजीए सम्मान
हसदेव है धरोहर,हसदेव है पहचान।
अब नहीं तो,कब तो सुधरेगा इंसान?
'हसदेव' मुहिम का संभालिए कमान,
उठकर देखिए गौर से,साथ मे संपूर्ण जमाना है,
जग के अस्तित्व के लिए,हसदेव को बचाना है।

आरती
कक्षा– डीसीए
--सत्र–2024–25

पईसा

पईसा बर मरत हे दुनिया
बेचावत हे खेत, बेचावट हे भुइंया
सुन्ना होगे कुटिया, भूलगे छैय्या भुइयां
पईसा बर मरत हे दुनिया

पईसा मा तऊ लत हे तन ला
पईसा लड़वावत हे सबो झन ला
पईसा बर मरत हे दुनिया

नाथ के नाव मा मंगात हे दान
नौ दो ग्यारह होवात बिहान
पईसा बर छुटत हे परान
वाह रे ! इंसान तोर अईसन काम
जतके मिलत हे टतके लान
पाई सा बर छूटत हे परान

झूठ बर अड़े हे बनके छारिया
सादा ह सनाके होगे पूरा करिया
पईसा बर मरत हे दुनिया

अंशु
कक्षा– डीसीए
--सत्र–2024–25